रजिस्ट्रेशन S 37987/2000

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ(पजी)

केन्द्रीय कार्यालय-ए-2/20, कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063

yashpalpanchal1953@gmail.com, abvvsangh2000@gmail.com

कान्तिभाई एम् पांचाल	वी के विश्वकर्मा	यशपाल पांचाल	प्रमोद कुमार धीमान
राष्ट्रीय अध्यक्ष	राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
09825014489	06261439997	09711111507	09811135925

पत्रांक संख्या ABVVS/04/2020 दिनाकं_27/03/2020

सेवा में,
प्रधानमंत्री भारत सारकार
कार्यलय साउथ ब्लाक.
रायसीना हिल नई दिल्ली - 110011

<u>विषय :- असंगठित क्षेत्र के कामगारों / मजदूरों को आर्थिक मदद देने के सम्बंध में</u>

महोदय,

सबसे पहले तो हम आपको इस महामारी रूपी आपदा से लडने के लिये तथा जरूरत मंद लोगों की सहयता के लिये घोषित एक लाख सत्तर हजार करोड रुपये की आर्थिक मदद के लिये धन्यवाद देना चाहते हैं !

महोदय इस पत्र के माध्यम से मैं आपका ध्यान उन लोगों की समस्याओं की तरफ दिलाना चाहता हुं जो असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं ! जो लोग स्व रोजगार में लगे हैं और रोज कमाते हैं और रोज खाते है सरकारी आंकडों में उनकी कोई गिनती नहीं है ! जैसे-

1. लकडी का काम करने वाले
2. लोहे का काम करने वाले
3. खेतिहर मजदूर
4. मिट्टी के बर्तन बनाने वाले
5. मूर्तिकार/शिल्पकार
6. गाढिया लुहार आदि आदि

छोटे कल कारखाने चलाने वाले जैसे बैल्डर, कृषि यंत्र बनाने और मरम्मत करने वाले लोग जिनमें विश्वकर्मा समाज के लोग बहुतायत में हैं ये सब कारीगर लोग हैं और दैनिक मजदूरी से ही अपना गुजारा करते हैं ! जब कोरोना महामारी से लडने के लिये देश में 21 दिन के लोकाउट की घोषणा की गयी है तो इन लोगों के सामने रोजी रोटी का विकट संकट खडा हो गया है ! इनके पास परिवार के भरण पोषण का कोई दूसरा विकल्प नहीं है ! आपसे निवेदन है कि ऐसे लोगों की मदद के लिये जिला स्तर, ब्लाक स्तर, पंचायत स्तर पर जांच कराई जाय और उन लोगों तक आर्थिक मदद पंहुचाई जाय ताकि वे ऐसे समय में अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें !

सधन्यवाद

प्रार्थी

यशपाल पांचाल

(यशपाल पांचाल)
राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री